अंक 2 सं. 6

जून 2022

इंफोनिक
एक ई-शासन सूचनापत्र
एनआईसी छत्तीसगढ़

नई चीज सीखने की जिसने आशा छोड़ दी है, वह बूढ़ा है ।
- आचार्य विनोबा भावे

**समसामयिकी**

## माननीय मुख्यमंत्री (छ.ग.) श्री भूपेश बघेल जी का 3 दवीसीय विधानसभा दौरा कार्यक्रम जिला बलरामपुर –रामानुजगंज






माननीय मुख्यमंत्री (छ.ग.) श्री भूपेश बघेल जी का 3 दवीसीय विधानसभा दौरा कार्यक्रम जिला बलरामपुर – रामानुजगंज में सम्पन्न हुआ | जिसमे उन्होंने जिले के समस्त अधिकारीगणों की समीक्षा बैठक द्वारा प्रगति रिपोर्ट ली | इसके बाद माननीय मुख्यमंत्री जी ने एन.आई.सी. द्वारा आयोजित विडिओ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गोधन न्याय योजना अंतर्गत पशुपालकों के राशि भुगतान तथा योजना से प्राप्त लाभ का विवरण गोपालपुर गौठान के स्व सहकारिता समूह की महिलाओं से सीधे संवाद करके लिया | गोपालपुर जैसे पहुचविहीन क्षेत्र से विडिओ कॉन्फ्रेंसिंग सफलतापूर्वक कराए जाने पर प्रभारी मंत्री श्री शिवकुमार डहरिया ने प्रशंसा की | इस मौके पर माननीय मुख्यमंत्री जी के साथ साथ कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, विधायक श्री चिंतामणि महाराज, मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव ,खाद्य सचिव, सरगुजा कमिशनर, आइ. जी. सरगुजा, कलेक्टर बलरामपुर, एस.पी. बलरामपुर तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी विडिओ कॉन्फ्रेंसिंग में उपस्थित रहे |

## आकांक्षी जिला महासमुंद के प्रदर्शन एवं समीक्षा

आकांक्षी जिला महासमुंद के प्रदर्शन एवं समीक्षा के लिये श्री हरदीप सिंह पुरी, माननीय केंद्रीय मंत्री, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने 14 अप्रैल 2022 को जिले का दौरा किया। जिला सूचना विज्ञान केंद्र महासमुंद ने वर्ष 2018 को आधार वर्ष के रूप में नीति आयोग चैम्पियन ऑफ चेंज पोर्टल में जिले के प्रदर्शन के आंकड़ों की स्पष्ट तुलना के साथ-साथ जिले के सभी 81 संकेतकों के आंकड़ों को संकलित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। नीति आयोग संकेतकों में जिले के प्रदर्शन के साथ-साथ सभी विभागों का उनके वर्तमान प्रदर्शन, आने वाली बाधाओं और भविष्य की रणनीतियों के साथ एक रिपोर्ट कार्ड भी प्रस्तुत करने योग्य रिपोर्ट में संकलित किया गया और समीक्षा में माननीय मंत्री को प्रस्तुत किया गया।



समीक्षा प्रस्तुति के अलावा, एनआईसी महासमुंद ने माननीय मंत्री जी की यात्रा के लिए सभी तकनीकी सहायता प्रदान की थी जैसे कार्यालय में इंटरनेट कनेक्टिविटी, टीम के लिए सभी ICT सहायता भी प्रदान की।

## मुख्यमंत्री मितान योजना का शुभारंभ



मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के द्वारा प्रदेश के 14 नगर निगमों में मुख्यमंत्री मितान योजना का शुभारंभ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया । मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि मितान योजना में नागरिक सेवाएं घर तक पहुंचाई जायेगी। पायलट प्रोजेक्ट के तहत 14 नगर निगमों में घर बैठे नागरिक सेवाएं मिलेंगी। इनमें जन्म प्रमाण पत्र , विवाह ,निवास , आय , मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य सेवाओं की मिलेगी घर पहुँच सुविधा सेवाओं हेतु मितान टोल फ्री नम्बर 14545 पर कॉल करना होगा। इससे सरकारी ऑफिस के चक्कर काटने से मुक्ति मिलेगी। मितान योजना की सारी प्रक्रिया डिजिटल होगी। इस योजना के माध्यम से सभी नागरिकों विशेषतः बुजुर्गों, दिव्यांगों एवं निरक्षरों को घर बैठे आसानी से कई प्रकार की सेवाएं घर बैठे ही मिल सकेंगी। अभी वर्तमान में 14 नगर निगमों में 13 प्रकार की सेवा उपलब्ध होगी, शीघ्र ही पूरे प्रदेश में इस योजना का विस्तार किया जाएगा और अन्य सेवाएं भी इस योजना के माध्यम से प्राप्त की जा सकेंगी। इस योजना के शुरू होने से सरकारी प्रक्रिया और आसान होगी।

इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जगदलपुर के नगर निगम सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर संसदीय सचिव श्री रेखचंद जैन, चित्रकोट विधायक श्री राजमन बेंजाम, महापौर श्रीमती सफीरा साहू, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती कविता साहू, मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री एमआर निषाद, एमआईसी सदस्य श्री यशवर्धन राव, श्री उदयनाथ जेम्स, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रोहित व्यास, नगर निगम आयुक्त श्री प्रेम पटेल, एडीएम श्री दिनेश नाग सहित पार्षदगण एवं अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। इस कार्यक्रम का तकनीकी व्यवस्था एनआईसी बस्तर द्वारा की गई

## जिला बलौदाबाजार – भाटापारा में पृथ्वी दिवस महोत्सव का आयोजन

जिला बलौदाबाजार – भाटापारा में विश्व पृथ्वी दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर जिला प्रशासन, वन विभाग तथा खेल तथा युवा



कल्याण विभाग बलौदाबाजार – भाटापारा के संयुक्त तत्वाद्ज़ान में मैराथन का आयोजन किया गया । यह मैराथन बलौदाबाजार के वन मण्डलाधिकारी कार्यालय से प्रारम्भ हुआ तथा सोनबरसा नेचर सफारी पर जाकर समाप्त हुआ। पृथ्वी पर रहने वाले जीव-जंतुओं, पेड़-पौधों को बचाने और दुनियाभर में पर्यावरण के प्रति लोगों के बीच जागरुकता बढ़ाने, पर्यावरण की महत्ता को समझाने यहॉं विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये तथा उनकी बेहतरी के लिए संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों के पंजीयन के लिये जिला प्रशासन के मार्गदर्शन पर जिला सूचना विज्ञान केंद्र (एन.आई.सी.) बलौदाबाजार पर ऑनलाईन पंजीयन फॉर्म तैयार किया गया। ऑनलाईन फॉर्म के माध्यम से 550 प्रतिभागी पंजीकृत हुये। जिसमें जिले के जनप्रतिनिधि गण, अधिकारी – कर्मचारीगण के अलावा बहुत अधिक संख्या में नगर के नागरिक तथा छात्र-छात्रायें सम्मिलित हुये। कार्यक्रम के समापन के समय विभिन्न प्रतियोगिता कार्यक्रमों के विजेताओं को पुरुष्कार प्रदान किया।

समसामयिकी

## बस्तर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री लखेश्वर बघेल ने किया माटी पूजन



अक्ति तिहार के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के आह्वान पर आज कुम्हरावण्ड स्थित शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय में माटी पूजन कार्यक्रम का अयोजन किया गया। बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री लखेश्वर बघेल ने माटी पूजन का विधान पूरा किया। कार्यक्रम में संसदीय सचिव श्री रेखचंद जैन, बस्तर कलेक्टर श्री रजत बंसल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रोहित व्यास, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता आर एस नेताम, उद्यानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता अश्विनी कुमार ठाकुर, कृषि विज्ञान केंद्र के समन्वयक संतोष कुमार नाग, कृषि विभाग के उप संचालक एसएस देवता, उद्यानिकी विभाग के उप संचालक श्री अजय कुशवाहा, मत्स्य पालन विभाग के उप संचालक श्री मोहन राणा सहित कृषि एवं सहयोगी विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में कृषक गण उपस्थित थे।

इस दौरान रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित माटी पूजन कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एनआईसी के जिला सूचना अधिकारी श्री रमेश कुमार चिड़ेम तथा छत्तीसगढ़ सूचना प्रौद्योगिकी ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर श्री राकेश भट्टके सहयोग से कुम्हरावंड स्थित कृषि महाविद्यालय के सभागार में किया गया।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर किसानों को छत्तीसगढ़िया परंपरा में माटी तिहार के महत्व को बताते हुए मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने के लिए शपथ दिलाया। इस अवसर पर कृषि एवं सहयोगी विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत किसानों को हितग्राहीमूलक सामग्री का वितरण किया गया।

## राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, छत्तीसगढ़ राज्य केंद्र मिलन - 2022

ई-मानक e-Marketing Network of Chhattisgarh

जनपद पंचायत सारंगढ़, जिला रायगढ़ (छग) में जिले मे पदस्थ जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी द्वारा, एनआईसी द्वारा प्रदत्त ईमेल सेवा के लिए अधिकारी / कर्मचारी द्वारा नए इमेल आईडी के निर्माण हेतु ईफार्म के माध्यम से आवेदन किए जाने, कवच के माध्यम से अपनी ईमेल आईडी को प्रमाणित एवं ईमेल सेवा का उपयोग किए जाने का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण मे उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को जिला सूचना -विज्ञान केंद्र, छत्तीसगढ़ राज्य इकाई के द्वारा निर्मित ईमानक प्रणाली के उपयोग की विधि से प्रशिक्षित किया गया एवं ईमानक में उपलब्ध वस्तुओं के खरीद हेतु आवश्यक बिन्दुओ को ध्यान मे रखकर खरीदी आदेश तैयार करने तक पूर्ण रूप से प्रशिक्षित किया गया।

मूल रूप से खरीदारों के दृष्टिकोण से तीन प्रकार के उपयोगकर्ताओं एवं उनकी भूमिकाओं की व्याख्या की जो की वस्तुओ के खरीद प्रक्रिया मे संलग्न होते है। ईमानक प्रणाली मे विभिन्न उपयोगकर्ता एवं उनके कार्य को निम्नानुसार बाटा गया है –

मांगकर्ता – इस उपयोगकर्ता के द्वारा आवस्यक वस्तु एवं आपूर्तिकर्ता का चयन कर खरीदी आदेश जारी किया जाता है।

प्राप्तकर्ता – मांगकर्ता द्वारा खरीदी आदेश के वस्तुओ को प्राप्त किया जाता है।

आहरण एवं संवितरण अधिकारी (डीडीओ) - खरीदी आदेश के वस्तुओ को प्राप्त कर लिए जाने के उपरांत भुगतान किया जाता है। साथ ही ईमानक प्रणाली में उपलब्ध यूसर मैनुअल का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के तरीके के बारे में भी जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 20 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया, इन प्रशिक्षणार्थियों मे सम्मिलित



दो प्रशिक्षणार्थियों ने अपने – अपने लॉगिन का उपयोग करते हुए ईमानक प्रणाली के माध्यम से कचरा संग्रहण हेतु eRIKSHA की खरीद के लिए आपूर्तिकर्ता का चयन कर खरीदी आदेश भी जारी किया।

प्रशिक्षण के दौरान राज्य सूचना विज्ञान केंद्र, छत्तीसगढ़ के अधिकारी श्री श्रीकांत पांडे एवं श्री प्रतीक चंद्राकर से आवश्यक तकनीकी उपलब्ध कराया।

## आकांक्षी जिला बस्तर की समीक्षा बैठक

विकास सूचकांक स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, कौशल विकास, वित्तीय समावेशन और बुनियादी ढांचा जैसे विकास के क्षेत्रों की समीक्षा ऊर्जा विभाग के सचिव श्री अंकित आनंद ने सोमवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा हाल में किया।

श्री आनंद ने बस्तर जिले में मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान, कुपोषण दूर करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किए प्रयास तथा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा संचालित मांझी योजना की सराहना की। साथ ही कोविड काल में पढ़ाई तुहर द्वार के तहत् मोहल्ला क्लास (लाउण्ड स्पीकर) और सीख कार्यक्रम की भी सराहना किए।

श्री आनंद द्वारा बस्तर जिलें में कुपोषण स्तर को दूर करने में महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर व कार्यकर्ताओं को गृहभेंट का सतत् जारी रखते हुए इसके दिन निर्धारित कर समूह में घर -घर जाकर जागरूकता लाने के प्रयास करने की आवश्यकता बताई। इसके अलावा आधारभूत संरचनाओं के विकास पर भी जोर देकर सभी बसाहटों में विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए गांवों में युवाओं को बैंक कोरेसपोंडेन्स के तौर पर नियुक्त करने के साथ ही ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जैसे बहुत ही कम दर पर उपलब्ध बीमा योजनाओं के माध्यम से सुरक्षा प्रदान करने पर भी जोर दिया। उन्होंने किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना आदि योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। बैठक में बस्तर जिले में नवाचार के रूप में संचालित जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए बादल एकेडमी और कलागुड़ी का संचालन, युवा स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए स्थापित थिंक बी, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए संचालित ज्ञानगुड़ी, रोजगार संवर्धन के लिए बस्तर में महिला स्वसहायता समूहों के माध्यम से की जा रही पपीता और काॅफी की खेती, शिक्षा के लिए मोहल्ला क्लास एवं सीख कार्यक्रम आदि के संबंध में जानकारी दी।